# SPORTS BOARD

## MAHARAJA SURAJMAL BRIJ UNIVERSITY, BHARATPUR

## Office : MSJ College Area, Bharatpur -321001

### SPORTS CALENDAR FOR INTER–COLLEGE TOURNAMENT SESSION 2018-19

Website – www.msbrijuniversity.ac. in Email- Info@ msbrijuniversity.ac.in Ph. & Fax No. 05644-220560,

| S. No. | Games/Sports | Commencement of Inter College | Inter Collegiate Tournament/Venue |
|---|---|---|---|
| 1 | Cross Country (M& W) | 16-09-2018 | Govt. Girls College, Dholpur,Thermal Plant Ke Samne,Sepau Road,Dholpur E.Mail-girlscollegedholpur@gmail.com 9461512623 |
| 2 | Kabaddi (M) | 18-09-2018 | Govt. College, Bayana, Wair Road Bayana, Bharatpur, Pin Code No 321401, Mob – 9413594511, 0564822135, E mail – govtcollegebayana@gmail.com |
| 3 | Table Tennis (M & W) | 20-09-2018 | Govt. College, Bayana, Wair Road Bayana, Bharatpur, Pin Code No 321401, Mob – 9413594511, 0564822135, E mail – govtcollegebayana@gmail.com |
| 4 | Weight lifting (M) | 24-09-2018 | MSJ Collge, Bharatpur, Pin Code No-321001 Mob : 05644-2225660,9887937820, Email-msjc47@gmail.com |
| 5 | Kabaddi & Kho-kho(W) | 26-09-2018 to 27-09-2018 | Arya Vidya Peeth PG Girls College, Bhusawar, Bharatpur, Mob-9414315304,05643-270402, Email-avkmbhusawar@gmail.com |
| 6 | Wrestling (M& W) | 29-09-2018 | M.A.J Govt. College, Deeg, Bharatpur, Near Bus Stand, Deeg, Bharatpur, Mob -9460182113, 05641220084 , Email – majgovtcollegedeeg3@gmail.com |
| 7 | Archery (M& W) | 02-10-2018 | Shree Agrasen Mahila Snathkottar Mahavidyalaya, A-Block, Ranjeet Nagar, Bharatpur, Pin Code No - 321001, Mob-9413838687, 05644-236294 E mail-agrasenpgcollege@gmail.com |
| 8 | Hockey (W) | 03-10-2018 | Shree Agrasen Mahila Snathkottar Mahavidyalaya, A-Block, Ranjeet Nagar, Bharatpur, Pin Code No - 321001, Mob-9413838687, 05644-236294 E mail-agrasenpgcollege@gmail.com |
| 9 | Boxing (M) | 04-10-2018 | Shri Haridatt Degree College, Technology Part, Agra-Jaipur by Pass Sewar, Bharatpur, Mob No -05644260470,9414208376 Email-alokbtp@gmail.com |
| 10 | Badminton (M& W) | 05-10-2018 | Shri Haridatt Degree College, Technology Part, Agra-Jaipur by Pass Sewar, Bharatpur, Mob No -05644260470,9414208376 Email-alokbtp@gmail.com |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | Pistol&Air Rifle (M & W) | 06-10-2018 | Shree Agrasen Mahila Snathkottar Mahavidyalaya, A-Block, Ranjeet Nagar, Bharatpur, Pin Code No - 321001, Mob-9413838687, 05644-236294 E mail-agrasenpgcollege@gmail.com |
| 12 | Football (M) | 12-10-2018 | Govt. P.G. College, Tiwari Bagh, Dholpur, Ph.-05642-220868, 9461641020, Email-collegedholpur@gmail.com |
| 13 | Basketball (M) | 15-10-2018 | Balaji Degree College, Bharatpur,Multipurpose school ke samne,Kothi Guljar Bagh,Bharatpur,8875355584 |
| 14 | Hand Ball (M) | 16-10-2018 | Balaji Degree College, Bharatpur,Multipurpose school ke samne,Kothi Guljar Bagh,Bharatpur,8875355584 |
| 15 | Judo (W) | 18-10-2018 | MSJ Collge, Bharatpur, Pin Code No-321001 Mob : 05644-2225660,9887937820, Email-msjc47@gmail.com |
| 16 | Athletics (M& W) | 25-10-2018 To 26-10-2018 | Govt. Girls College, Dholpur,Thermal Plant Ke Samne,Sepau Road,Dholpur E.Mail-girlscollegedholpur@gmail.com 9461512623 |
| 17 | Soft Ball (M) | 29-10-2018 | Shri S.N. College Halena, Tehsil-Wair, Distt-Bharatpur, Mob-9414375436,8058774288 Email-Shrisncollege37@gmail.com |
| 18 | Cricket (M) | 13-11-2018 | Govt. P.G. College, Tiwari Bagh, Dholpur, Ph.-05642-220868, 9461641020, Email-collegedholpur@gmail.com |

नोट :–

1. सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रतिष्टियॉं आयोजक महाविद्यालय एवं एक प्रति सचिव खेल वोर्ड को भेजने की अन्तिम दिनांक–14.09.2018 है प्रतियोगिता के दिनांक में परिवर्तन हो सकता है, महाविद्यालय का ईमेल देंखे एवं सम्बन्धित महाविद्यालय से सम्पर्क में रहें।
2. विश्वविद्यालय टीम के खिलाड़ियों को चयन से पूर्व कुपर टेस्ट शारीरिक दक्षता परीक्षण उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इस परीक्षण में 12 मिनट में पुरूषों के लिए 2400 मीटर व महिलाओं के लिए 2000 मीटर दौड़कर/चलकर दूरी तय करना अनिवार्य है।
3. प्रत्येक टीम के साथ दो प्रति में एलीजिबिलिटी प्रारूप, प्रत्येक खिलाड़ी की 10वीं, 10+2 की व स्नातक /स्नातकोत्तर की अंकतालिका की फोटो प्रति व पहचान पत्र लाना आवश्यक है साथ ही मूल अंकतालिका लाना आवश्यक है। इसके साथ ही महाविद्यालय के लेंटर पेंड पर सस्था प्रधान अथवा टीम मैनेजर का प्रमाण–पत्र की उक्त टीम के सभी सदस्य महाविद्यालय के नियमित छात्र है और ये शारीरिक व मानसिक रूप से प्रतियोगिता में खेलने योग्य है।
4. प्रतियोगिता के दौरान प्रत्येक खिलाडी को महाविद्यालय पहचान पत्र, आधार कार्ड एवं प्रवेश शुल्क रसीद की मूल प्रति लाना आवश्यक है।
5. एलिजिबिलिटी प्रारूप में छात्र/छात्रा के माता, पिता का नाम एवं छात्र/छात्रा का मोबाईल नम्बर सहित सभी प्रविष्टियों को स्पष्ट लिखना अनिवार्य है।
6. आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता की सूचना/निमन्त्रण की प्रतिक्षा किये बिना टीम को प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम के मैनेजर/प्रशिक्षक के साथ आयोजन स्थल पर उपस्थिति अनिवार्य है।
7. प्रत्येंक प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि से एक दिन पूर्व सांय 5.00 बजे मैनेजरो/प्रशिक्षको की उपस्थिति में प्रतियोगिता का ड्रा निकाला जावेगा। बिना टीम मैनेजर/प्रशिक्षक के टीम को प्रतियोगिता में भाग नही लेने दिया जायेगा।
8. टीम का आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रतियोगिता की सूचना की प्रतिक्षा किये बिना प्रतियोगिता से एक दिन पूर्व टीम मैनेजर के साथ **सांय 5 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है।**

9. **क्रिकेट (पुरूष) प्रतियोगिताका ड्रॉ आयोजक महाविद्यालय को 30 अक्टूबर 2018 तक प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर 2 नवम्बर 2018** को डाला जाएगा।

10. सभी खेलों में व व्यक्तिगत स्पर्धाओं में कम से कम चार (4) टीमें व चार प्रतिस्पर्धी भाग लेना आवश्यक है।

11. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगी व चयन ट्रायल के उपरान्त चयन समिति निर्णय लेगी कि टीम का स्तर अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगी में भेजने योग्य है या नहीं चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा।

12. **सभी महाविद्यालयों को खेल बोर्ड की निर्धारित वार्षिक प्रविष्टि शुल्क रू. 6000/– जमा कराना आवश्यक है इसके अभाव में महाविद्यालय के छात्र किसी प्रतियोगिता या चयन ट्रायल में भाग नहीं ले सकेंगे। इसके अभाव में महाविद्यालय के छात्र/छात्रा किसी प्रतियोगिता या चयन ट्रायल में भाग नही ले सकेगे इस के अतिरिक्त सभी सरकारी एवं निजी महाविद्यालय को खेल बोर्ड की प्रविष्टि शुल्क रूपये 3000/–देना अनिवार्य किया गया है।**

13. **निर्णयन शुल्क :– टीम खेल रू. 400/– क्रिकेट रू. 500/– व्यक्तिगत खेल रू. 600/– व ऐथलेटिक्स रू. 700/– प्रतिवर्ग प्रति टीम होगी।**

14. **2018–19 में चयनित खिलाड़ी अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए भाग लेने जाते हैं तो उनका समस्त व्यय यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता, इत्यादि** विश्वविद्यालय द्वारा देय होगा।

15. अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु ए.आई.यू./राजस्थान विश्वविद्यालय के निर्धारित नियम मान्य होंगें।

16. क्रॉस कन्ट्री दौड छात्रा वर्ग में 10 किलोमीटर और छात्र वर्ग में 10 किलोमीटर की होगी।

17. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता के बाद टीम का स्तर देखकर ही टीम अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भेजी जायेगी। क्रॉस कन्ट्री दौड व एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मापदण्ड पूरा करने पर ही खिलाडियों को अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भेजा जायेगा।

18. महाविद्यालयों में कार्यरत व्याख्याता, खेल अधिकारी जो भी विश्वविद्यालय टीम के साथ मैनेजर नियुक्त होकर जाना चाहते है वे सभी खेल बोर्ड सचिव के ईमेल या दूरभाष पर सहमति दे सकते है।

**अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विशविश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में सहभाति हेतु नियम**

**(अ) योग्यता नियम**

1. पूर्णकालिक नियमित छात्र/छात्रा जिन्होंने स्कूल स्तर की 10+2 परीक्षा के पश्चात् विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठयकम में प्रवेश लिया हो, वही विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा अधिस्वीकृत अन्तर महाविद्यालय/राष्ट्रीय विश्वविंद्यालय प्रतियोगिताओ में भाग ले सकता है।

1.1 खुले विश्वविद्यालयों या दूरस्थ शिक्षा के नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल परिसंघ द्वारा स्वीकृत किसी भी अन्तर महाविद्यालय/ अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग नही ले सकते है।

1.2 शोध (पी.एच.डी.),एम.फिल. के नियमित छात्र/छात्रा अन्य योग्यता होने पर प्रतियोगिता मे भाग लेने योग्य होगें।

1.3 विदेशी छात्र/छात्रायें अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्र होगें, लेकिन किसी भी स्थिति में उनकी संख्या टीम में 10 प्रतिशत से अधिक नही होनी चाहियें।

2 अन्तर महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रत्येंक पूर्णकालिक नियमित/प्रमाणिक छात्र/छात्रा कों निम्नलिखित नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

2.1 विश्वविद्यालय में स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश पात्रता के योग्य हुए छात्र/छात्रा को 8 वर्ष से अधिक समय व्यतीत नही हुआ हो। 8 वर्ष के काल निम्न प्रकार से वर्गीकृत किया गया है।

2.1.1 10+2 परीक्षा के पश्चात स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें 05 वर्ष से अधिक भाग नहीं ले सकते है। इस अवधि में छात्र /छात्रा अपने संकाय में परिवर्तन कर सकता है तथा उच्च कक्षा से निचली कक्षा में जाने की अनुमति होगी।

2.1.2 कोई भी छात्र/छात्रा स्नातक पाठ्यक्रम के पश्चात स्नातकोत्तर में 03 वर्ष से अधिक भाग नहीं ले सकता। इस अवधि में छात्र/छात्राओं को अपने पाठ्यक्रम में परिवर्तन अथवा उच्च कक्षा से निचली कक्षा में जाने की अनुमति होगी।

2.2 वही छात्र/छात्रा प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है जो सम्बन्धित शैक्षिक सत्र की प्रथम जुलाई को कम से कम 17 वर्ष व अधिकतम 25 वर्ष तक की आयु का हो।

3. एक शैक्षिक सत्र के दौरान प्रतिभागी छात्र/छात्रा एक ही विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है।

4. अस्थायी/अंशकालीन/पूरक परीक्षा के योग्य छात्र/छात्रा के रूप में प्रवेशित खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के योग्य नही है।

5. एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय/राज्य परिवर्तन की स्थिति में स्थानान्तरण होने पर प्रतिभागी खिलाड़ी को विश्वविद्यालय प्रतिनिधित्व के योग्य तभी माना जायेगा जब माइग्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला विश्वविद्यालय प्रवेश की अन्तिम/वैध/पूर्ण पुष्टि कर देगा।

6. यदि 10+2 के बाद स्नातक या स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में एक कक्षा में अन्तराल दो वर्ष से अधिक का है, वह खिलाड़ी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग नही ले सकेगा।

7. 10+2 /स्नातक/स्नातकोत्तर उत्तीर्ण करने पर अगली कक्षा में वह दो वर्ष तक ही खेल सकेगा और उस कक्षा में पास होने के पश्चात ही वह अगली कक्षा में खेल सकेगा। 10+2 उत्तीर्ण करने के वर्ष से ही उसके अवसर/वर्षो की गणना प्रारम्भ हो जायेगी।

8. जो छात्र/छात्रा महाराजा सूरज मल बृज विश्वविद्यालय,भरतपुर से सम्बन्धित है, वे ही सूरज मल बृज विश्वविद्यालय,भरतपुर की अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग ले सकते है।

**(ब) व्याख्या:–**

1 नियमित छात्र/छात्रा एक पाठ्यक्रम समाप्त होने के पश्चात उसी या नये पाठ्यक्रम में शामिल होता है तो सभी अवसर अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय के नियम के अनुसार होगे।

2 पूरक परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात ही छात्र/छात्रा अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियागिताओं में भाग लेने के योग्य होगें तथा अस्थाई प्रवेशित छात्र/छात्रा भाग लेने के योग्य नही होगें।

3 एक वर्ष का अर्थ यहॉ एक शैक्षिणिक सत्र होगा जिसकी अवधि के दौरान छात्र/छात्रा उतीर्ण या अनुतीर्ण रहे सामान्यतः यह अवधि एक जुलाई से 12 महीने तक तथा आगामी सत्र के सामान्य आरम्भ तक मान्य होगी।

4 योग्य तथा पात्र छात्र/छात्रा प्रतिनिधि अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में एक कक्षा में अधिकतम दो वर्ष अपने महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर सकता है। एक ही सत्र में एक कक्षा में यह रोक लागू होने पर भी पाठ्यक्रम/डिप्लोमा की पूर्णावधी से एक वर्ष अधिक खेल सकने का निषेध यहॉ भी लागू होगा। पूर्णावधि से एक वर्ष अधिक प्रतियोगिता में पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र/छात्रा के प्रतिनिधित्व पर रोक/निषेध का तात्पर्य होगा कि स्नातक पाठ्यक्रम में छात्र 5 वर्ष तक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेगा।

5 संकाय परिवर्तन संभव है परन्तु अध्ययन की पूर्णावधि के प्रथम दो वर्ष, प्रथम प्रवेश वाले संकाय में ही होगे।

6 शेष अवधि (एक या दो वर्ष) ही स्थानान्तरित संकाय में तभी पूर्ण की जा सकती है जब नये संकाय का प्रथम वर्ष उत्तीर्ण कर लिया हो।

**योग्यता/पात्रता नियमों के उल्लंघन पर अयोग्यता**

1. किसी भी प्रतिभागी के पात्रता नियमों का उल्लंघन पूर्ण टीम की स्वतः अयोग्यता के लिए जिम्मेदार होगा और उस महाविद्यालय को रू. 5000/— से दण्डित किया जायेगा तथा इसकी रिपोर्ट निदेशक, कॉलेज शिक्षा तथा सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य को भेजी जायेगी।
2. अयोग्य छात्र/छात्रा को अन्तर महाविद्यालय खेलों से वंचित होने पर आगामी वर्ष भी प्रतिभागी छात्र/छात्रा को प्रतिनिधित्व से वंचित किया जा सकता है।
3. अखिल भारतीय विश्वविद्यालय टीम में होने के पश्चात् प्रतिभागी छात्र/छात्रा किसी अन्य संस्थान आदि का प्रतिनिधित्व भारतीय विश्वविद्यालय संघ की अनुमति के बिना करता पाया जाने पर किसी भी अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से वंचित कर दिया जायेगा एवं उसके विरूद्वनियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।
4. जो छात्र/ छात्रा पूर्णकालिक आधार पर नौकरी कर रहे है, वे प्रतियोगिता के लिये योग्य नही होगें ।
5. किसी छात्र/छात्रा द्वारा प्रतियोगिता के दौरान अवांच्छनीय व्यवहार, अनुशासनहीनता करते पाये जाने पर अखिल भारतीय विश्वविद्यालय नियमानुसार महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा उन खिलाड़ियों का प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार जॉच कराई जावेगी।

**डॉ. देवेन्द्र सिंह परमार**
**निदेशक शारीरिक शिक्षा,**
सचिव, विश्वविद्यालय खेल बोर्ड, भरतपुर
मो. 9461512623
ईमेल –drdparmar@yahoo.com